# नव भारत

राष्ट्रहित सर्वोपरि 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 देवास में सज्जन सिंह वर्मा का तिलिस्म टूटा



5 जम्मू से मुंबई तक आफत की बारिश



8 भारतीय पिस्टल टीम का चांदी पर लगा निशाना



7 बेंगलुरु फैक्ट्री से आईफोन 17 उत्पादन शुरू


# यूक्रेन विवाद के हल के पक्ष में भारत

## पीएम मोदी ने पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही

**नयी दिल्ली, 18 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किये जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है. मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही.**

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा , मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद. भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है. मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूँ.





प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी. प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया और इस संबंध में सभी प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया. दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर भी चर्चा की. दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति भी व्यक्त की.

### नॉटो भूल के ना जाएं जेलेंस्की, ट्रंप की दो टूक

**वॉशिंगटन, 18 अगस्त.** 2025 यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की आज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे, लेकिन इससे पहले ही ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उन्हें नाटो भूलने की सलाह देकर माहौल को और गर्म कर दिया है. ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब रूस-यूक्रेन युद्ध को चार साल हो चुके हैं और अमेरिकी दबाव में शांति वार्ता की कोशिशें फिर से तेज़ हुई हैं. ट्रंप पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अलास्का में मुलाकात कर चुके हैं और अब उनके पास कथित तौर पर एक समझौते का प्रारूप है जिसे वे ज़ेलेंस्की को सौंपने वाले हैं. ट्रंप का मानना है कि युद्ध अब बंद होना चाहिए — और इसकी चाबी ज़ेलेंस्की के हाथ में है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 12 साल बाद भी अगर इ्अह में एंट्री नहीं मिली, तो अब क्यों मिलेगी?

### सभी क्षेत्रों में तेजी से सुधार के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मोदी

**नई दिल्ली, 18 अगस्त.** देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से नयी पीढ़ी के सुधारों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को फिर दोहराया कि उनकी सरकार हर क्षेत्र में तेजी से सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है. मोदी ने सोमवार को यहां वरिष्ठ मंत्रियों, सचिवों और अर्थशास्त्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में देश में अगली पीढ़ी के सुधारों के रोड मैप पर विस्तार से चर्चा की . बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन में सुगमता, व्यवसाय सुगमता और समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में गंभीरता से कम कर रही है.



## पीएम मोदी को एमपी आने का निमंत्रण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुलाकात कर एमपी आने का निमंत्रण दिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में हाल ही में होने वाले किसान सम्मेलन और भोपाल मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ करने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया.**

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण का वातावरण चल रहा है. इस दिशा में स्वदेशी का अभियान भी पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है. आत्मनिर्भर भारत बनाने की कड़ी में यह एक महत्वपूर्ण कदम है.

हमारा लक्ष्य है कि स्वदेशी अभियान के तहत गुणवत्तायुक्त उत्पाद बनाए जाए. इसके लिए हम सबको अधिक काम करने की जरूरत है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पिछले सवा साल से औद्योगीकरण का प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके फलस्वरुप 30 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए जा चुके हैं. इसमें 21 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसी क्रम से राज्य सरकार काम करती रहेगी और निरंतर विकास की राह पर अग्रसर होती रहेगी.

### एक नजर में



### मनोज मोल्दोवा में भारत के नये राजदूत नियुक्त

**नयी दिल्ली.** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है. विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है. मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभायेंगे.

### 22 से होगी यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा

**नई दिल्ली.** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 22 अगस्त 2025 से शुरू होगी और सितंबर तक चलेगी. देशभर के विभिन्न शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा दो शिफ्टों में होगी जिसमें सुबह 9 से 12 बजे और दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक. उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र में दिए पते के अनुसार परीक्षा केंद्र पर समय से रिपोर्ट करना होगा. परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, ईयरफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे. स्टेशनरी में केवल ब्लैक बॉल पेन की अनुमति होगी. सफल अभ्यर्थियों को इंटरव्यू राउंड के लिए बुलाया जाएगा.

### आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद, तीन घायल

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गया आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद हो गया जबकि तीन जवान घायल हो गए. घायल जवानों को इलाज के लिए भोपालपट्टनम भेजा गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला बीजापुर जिले के उसूर इलाके का है जहां उल्लूर के जंगल में डीआरजी के जवान
खोजी अभियान पर निकले थे. शहीद हुए जवान का नाम दिनेश

### जेजेएमपी के दो कुख्यात उग्रवादी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली.** उग्रवाद प्रभावित लातेहार जिले में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है. जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के दो कुख्यात उग्रवादी कृष्णा साहू उर्फ कृष्णा प्रसाद नरेशगढ़ और अमीन अंसारी, दोनों नावागढ़ निवासी, को पुलिस ने छापेमारी कर दबोच लिया. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नावागढ़ क्षेत्र में उग्रवादी सक्रिय हैं, जिसके बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई. इस अभियान में प्रभारी थानेदार सुरेंद्र कुमार महतो समेत पुलिस बल के जवान शामिल रहे. गिरफ्तार उग्रवादियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है.

## उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी ने की पीएम मोदी से मुलाकात

**नयी दिल्ली, 18 अगस्त. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की. 20 अगस्त को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन अपना नामांकन करेंगे. यह जानकारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दी.**

उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का नामांकन एनडीए के लिए गर्व की बात है और हमें विश्वास है कि अन्य दल भी उनका समर्थन करेंगे. नामांकन के दौरान एनडीए के बड़े नेता भी शामिल हो सकते हैं. राधाकृष्णन सोमवार ही, मुंबई से दिल्ली पहुंचे. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर मोदी से मुलाकात की. मोदी ने उन्हें राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके लंबे अनुभव से देश लाभान्वित होगा.

प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा, सी पी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की. उनके राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं. उनकी सार्वजनिक सेवाओं और विभिन्न क्षेत्रों का लंबा अनुभव देश को लाभ पहुंचायेगा. आशा करता हूं कि वह हमेशा इसी समर्पण और संकल्प के साथ देश की सेवा करते रहेंगे.

## पीएम मोदी 22 को करेंगे बिहार के पहले छह लेन पुल का उद्घाटन

**नयी दिल्ली, 18 अगस्त.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को बिहार को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं. वे गंगा नदी पर औटा से सिमरिया के बीच बने राज्य के पहले छह लेन सड़क पुल का उद्घाटन करेंगे. लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत से बने इस पुल की कुल लंबाई 8.15 किलोमीटर है, जिसमें दो किलोमीटर लंबा मुख्य पुल और छह किलोमीटर का संपर्क मार्ग शामिल है. इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण वेलस्पेन और एसपी सिंगला कंपनी ने किया है. पुल को 18 पीलरों पर खड़ा किया गया है और इसमें 34 मीटर चौड़ा सुपर स्ट्रक्चर बनाया गया है.

## विपक्ष ला सकता है ईसी के खिलाफ महाभियोग



**नयी दिल्ली, 18 अगस्त.** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष संसद में महाभियोग प्रस्ताव ला सकता है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया ब्लॉक की बैठक में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और ऐसे में महाभियोग पर विचार किया जाना चाहिए. बैठक में इसको लेकर प्रस्ताव भी पेश किया गया, हालांकि अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है.

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग समेत सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है, लेकिन अभी औपचारिक चर्चा बाकी है.

गौरतलब है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं. हाल ही में राहुल गांधी ने आयोग पर सवाल उठाते हुए एक प्रेजेंटेशन भी दिया था, जिसके बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया था. इसके जवाब में चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा और विपक्षी दलों को चेतावनी दी कि उनके कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति न करें.

### बिहार एसआईआर पर चुनाव आयोग का बयान

**नयी दिल्ली, 18 अगस्त.** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर डेली बुलेटिन जारी किया. आयोग ने स्पष्ट किया कि 1 अगस्त से 18 अगस्त के बीच किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है. यानी विपक्ष की तरफ से अब तक एसआईआर पर कोई सवाल नहीं उठाया गया है. ईसीआई के मुताबिक, प्रारूप मतदाता सूची 1 अगस्त को जारी की गई थी. इसके बाद 18 दिनों में पात्र मतदाताओं को शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को हटाने के लिए 45,616 आवेदन मिले, जिनमें से 1,348 का निपटारा किया जा चुका है. वहीं, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नए मतदाताओं से 1,52,651 फॉर्म 6 (घोषणा सहित) प्राप्त हुए हैं.

## भोपाल में 92 करोड़ मूल्य की एमडी ड्रग पकड़ी

### सात गिरफ्तार, 61.2 किलो ग्राम मेफेड्रोन ड्रग जब्त किया

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 अगस्त. राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) ने भोपाल में एक गुप्त मेफेड्रोन निर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया है. यह भंडाफोड़ एक सुनियोजित और समन्वित ऑपरेशन में हुआ, जिसका कोड नाम ऑपरेशन क्रिस्टल ब्रेक था.**

जानकारी के अनुसार बीते 16 अगस्त को ग्राम-जगदीशपुर (इस्लामनगर) हुजूर भोपाल में अवैध निर्माण सुविधा की तलाशी में 61.20 किलोग्राम मेफेड्रोन (तरल रूप में) बरामद और जब्त किया गया, जिसकी अवैध बाजार में कीमत ?92 करोड़ आंकी गई. इसके अलावा, 541.53 किलोग्राम कच्चा माल, जिसमें मेथिलीन डाइक्लोराइड, एसीटोन, मोनोमेथिलमाइन (एमएमए), हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल), और 2-ब्रोमो शामिल हैं, के साथ-साथ प्रसंस्करण उपकरणों का एक पूरा सेट भी जब्त किया गया.

एकांत परिसर में स्थित, जानबूझकर चारों ओर से ढकी हुई, फैक्ट्री पर डीआरआई अधिकारियों ने चतुराई से छापा मारा. मेफेड्रोन के निर्माण के लिए जिम्मेदार केमिस्ट सहित दो व्यक्तियों को अवैध उत्पादन प्रक्रिया में लगे होने के कारण गिरफ्तार किया गया.

इस त्वरित कार्रवाई में, उत्तर प्रदेश के बस्ती में ड्रग कार्टेल के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया गया, जिसे भिवंडी (मुंबई) से भोपाल तक कच्चे माल की आपूर्ति की देखरेख का काम सौंपा गया था. अवैध रूप से रसायन/कच्चा माल उपलब्ध कराने वाले दो आपूर्तिकर्ताओं को भी मुंबई से गिरफ्तार किया गया, साथ ही मुंबई से भोपाल तक रसायनों/कच्चे माल के परिवहन के लिए ज़िम्मेदार व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया.

### पिछले साल अक्टूबर में 907 किलो एमडी ड्रग्स पकड़ी थी

बता दें कि बीते साल अक्टूबर महीने में भोपाल के बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी एक फैक्ट्री में मादक दवा एमडी ड्रग (मेफेड्रोन) बनाने का कारखाने पर कार्रवाई की गई थी. जहां नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) ने छापेमारी कर एमडी ड्रग और इसे बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल जब्त किया गया था. छापे में 907 किलो एमडी ड्रग ठोस और तरल रूप में मिली थी.

## उपराष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण बनाम दक्षिण

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 18 अगस्त. उपराष्ट्रपति के चुनाव में राजग उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के मुकाबले इंडिया समूह डीएमके सांसद तिरूची सिवा को उतारकर मुकाबले को न सिर्फ रोचक बनाने की तैयारी में है बल्कि इंडिया समूह के रणनीतिकारों ने राजग के दक्षिण भारतीय राजनीति को साधने की रणनीति को सीधे चुनौती देते हुए लड़ाई को दक्षिण बनाम दक्षिण करके एक तीर से कई निशाने साधने की रणनीति बनाई है.**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के विशेष सुझाव पर दक्षिण भारत से संबंध रखने वाले उम्मीदवार को लेकर विचार-विमर्श किया गया. इस बैठक में इंडिया समूह में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं ने डीएमके के सुझाव को सार्थक मानते हुए भाजपाई रणनीति को सीधे चुनौती देने वाली रणनीति पर आगे बढ़ने पर व्यवहारिक सहमति दी है.

हालांकि अभी औपचारिक रूप से डीएमके के सांसद तिरुची सिवा के नाम का ऐलान नहीं हुआ है. जानकार बता रहे हैं कि डीएमके के सांसद राज्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए सीधे तौर पर राधाकृष्णन के विरोध में जाने के पक्षधर नहीं थे. इसी वजह से स्टालिन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना संदेश भेज दिया था. चर्चा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई बैठक में सपा की ओर से भी ओबीसी व दलित वर्ग से संबंध रखने वाले दो वरिष्ठ नेताओं के नाम सुझाए गए थे लेकिन आंतरिक चर्चा के दौरान उसपर सहमति नहीं बनी है. इंडिया गठबंधन के रणनीतिकार इस चुनाव के बहाने बड़ा राजनीतिक संदेश देने की फिराक में हैं. दोनों सदनों में मौजूद सांसदों के अंकगणित के आधार पर इंडिया गठबंधन पिछड़ा हुआ है फिर भी उनका प्रयास है कि चुनाव के माध्यम से बेहतर चुनौती पेश की जाए. हालांकि राजग खेमे की ओर से राधाकृष्णन को निर्विरोध निर्वाचित कराने के लिए भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता कांग्रेस व इंडिया समूह के नेताओं से बातचीत करने की रणनीति भी बना रहे हैं.

### 6 रूपों में दर्शन

### मंदिर प्रांगण में ड्रोन से व रामघाट पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा, लाखों श्रद्धालु उमड़े

## बारिश में निकली महाकाल की राजसी सवारी

**उज्जैन, 18 अगस्त. सोमवार को भगवान महाकाल की राजसी सवारी भादौ की तेज बारिश के बीच निकली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सवारी में शामिल हुए. उन्होंने महाकाल मंदिर पहुंचकर पूजन किया. सवारी में डमरू बजाते हुए पैदल शामिल हुए. राजाधिराज महाकाल ने लाखों भक्तों को 6 रूपों में दिव्य दर्शन देकर अभिभूत किया. शिप्रा के रामघाट पर हेलीकॉप्टर से सवारी पर पुष्प वर्षा की गई.**

सवारी मार्ग पर कई घंटों पहले से लोग बाबा महाकाल की एक झलक पाने के लिए खड़े थे. जैसे ही पालकी आई जय महाकाल के उद्घोष से संपूर्ण मार्ग गूंज उठा. सवारी शुरू होने से पहले ही मार्ग में भजन मंडलियां डीजे, ढोल व बैंड के साथ झूमते-गाते हुए निकलने लगी. सवारी में साधु, संत, आम भक्त से लेकर पंडे-पुजारी सब भगवान महाकाल की भक्ति में लीन होकर निकले.



पुजारियों ने चंद्रमौलेश्वर की मुख्य प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजित कर कहारों ने पालकी उठाई और जयकारों के बीच मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंची जहां सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर महाकाल को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया. श्रावण-भादौ मास की यह छठी सवारी होने से महाकाल ने छः रूपों में दर्शन दिए.

बाबा की पालकी मंदिर से निकलती इसके पहले ही इंद्र देवता ने स्वागत करते हुए तेज बारिश शुरू कर दी और राजाधिराज के लिए संपूर्ण मार्ग की पानी से धुलाई की. हजारों-लाखों भक्तों ने भी मार्ग में भीगते हुए ही राजसी सवारी का आनंद लिया. मंदिर के सभामंडप में दोपहर करीब साढ़े 3 बजे शासकीय पुजारी घनश्याम गुरु ने मंत्रोच्चार कर पूजन शुरू कराया. प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल भी पूजन में शामिल हुए.

## कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ तीन दिन में दर्ज करें एफआईआर : हाईकोर्ट

**जबलपुर, 18 अगस्त । हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के विरुद्ध तीन दिनों में एफआईआर दर्ज करने के आदेश पुलिस आयुक्त, भोपाल को दिये हैं.**

युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि फर्जी सेल डीड के आधार पर कांग्रेस विधायक का इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज विगत दो दशकों से संचालित हो रहा था। युगलपीठ ने पुलिस महानिदेशक को आदेशित किया है कि वह जांच के लिए एसआईटी गठित करें। एसआईटी तीन माह में जांच कर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी विधिवत कार्यवाही करें।

प्रदेश सरकार द्वारा विगत 9 जून को इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज भोपाल की मान्यता निरस्त किए जाने के खिलाफ कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने कॉलेज की जमीन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये थे। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अमन एजुकेशन सोसायटी के अंतर्गत संचालित इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज की मान्यता के लिए 2 अगस्त 1999 को पेश की गयी पहली सेल डीड कूटरचित थी।

### गुस्ताखी माफ

